Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ▫ अंक- 128 ▫ रायपुर, सोमवार 2 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 2 हार्डकोर समेत 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 25 लाख का था इनाम



**जगदलपुर,** 2 जून (हाईवे चैनल)। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है. सरकार की आत्मसमर्पण नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर पीजीएलए के दो हार्डकोर समेत 16 नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष हथियार डाल दिए. आत्मसमर्ण करने वाले नक्सलियों पर 25 लाख का इनाम घोषित था.

सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक महिला और एक पुरुष नक्सली पर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित था, 1 पुरूष पर 3 लाख और 3 पुरूष पर 2-2 लाख, कुल 16 अन्य नक्सलियों पर 25 लाख रुपये तक का इनाम घोषित किया गया था. सभी नक्सली जिले में कई नक्सली वारदातों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं. इस दौरान बस्तर एसपी किरण चव्हाण, एएसपी उमेश गुप्ता, और सीआरपीएफ व जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूद रहे. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली अब शासन की पुनर्वास योजना के तहत सामान्य जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ेंगे. नई छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति -2025 के तहत् आत्मसमर्पण करने वाले प्रत्येक नक्सलियों को 50-50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि और अन्य सुविधायें प्रदान की जाएगी.

जिन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया उनमें महिला रीता ऊर्फ़ जोड़ी सुक्की (उम्र 36 वर्ष), इनामी ?8 लाख, सीआरएस कंपनी सदस्य, राहुल जुमने (उम्र 18 वर्ष), इनामी ?8 लाख, पीएलजीए बटालियन सदस्य., लेकाम लखमा (उम्र 28 वर्ष), इनामी ?3 लाख, टीडी टीम सदस्य, सोंडी बुटा (उम्र 20 वर्ष), इनामी ?2 लाख, एरिया कमेटी सदस्य., तेलाम कोसा (उम्र 19 वर्ष), इनामी 2 लाख, एसजेडसीएम सदस्य, जोड़ी हुर्री (उम्र 29 वर्ष), इनामी ?2 लाख, एओबी पार्टी सदस्य, माड़वी माइका (उम्र 18 वर्ष), ग्राम केरलापाल चेतना मंच सदस्य, रवि भीमा (उम्र 45 वर्ष), जीआरजी मिलिशिया सदस्य, सोंडी देवा (उम्र 30 वर्ष), नागाराम आरसीडीएफसीएमएस सदस्य, सोंडी हिडमा (उम्र 32 वर्ष), ग्राम टोकनपल्ली संघम सदस्य, हेमला हिडमा (उम्र 40 वर्ष), ग्राम टोकनपल्ली संघम सदस्य, माड़वी सन्ना (उम्र 42 वर्ष), ग्राम टोकनपल्ली संघम सदस्य, पदाम दारा (उम्र 31 वर्ष), ग्राम टोकनपल्ली संघम सदस्य, सोंडी भीमा (उम्र 32 वर्ष), ग्राम टोकनपल्ली संघम सदस्य, जुमने बेटू (उम्र 23 वर्ष), ग्राम गोंडपल्ली डीएफएमएस सदस्य और लेकाम लखमू (उम्र 30 वर्ष), ग्राम गोंडपल्ली डीएफएमएस सदस्य शामिल हैं।

### तेज रफ्तार का कहर, कई दुर्घटनाएं

## हादसे में देवर-भाभी समेत 3 की मौत, 2 गंभीर घायल



**अंबिकापुर,** 2 जून (हाईवे चैनल)। तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चठिरमा के पास बनारस रोड पर हुआ।

जानकारी के अनुसार, सूरजपुर जिले के ग्राम कसकेला निवासी करन यादव (20 वर्ष) अपनी भाभी रिया यादव (21 वर्ष) को इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर जा रहे थे। चठिरमा पुलिया के पास उनकी बाइक की सामने से आ रही स्कूटी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि करन और रिया की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार युवक देव मंडल, निवासी समलपुर (ओडिशा) की भी मौत हो गई है। वहीं इस दुर्घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

## ट्रैक्टर बाइक की भिडंत बाइक सवार 3 की मौत

**महासमुंद,** 2 जून (हाईवे चैनल)। बीती रात कोतवाली थानाक्षेत्र के शेरगांव मे ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर मे तीन युवको की मौत हो गयी । हादसे के बाद गांव मातम पसरा हुआ है । कोतवाली टी आई शरद दुबे से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम शेर के तीन युवक वरुण नायक 22 वर्ष पिता राम लाल नायक , केवल नायक 19 वर्ष पिता राम लाल नायक एवं तीरथ दीवान 18 वर्ष पिता कुमार दीवान बाइक क्रमांक ष्ट्त 06 त्रछ्ठ 9771 से महासमुंद से शेर गांव रात्रि 9.30 बजे आ रहे थे तभी शेर गांव मोड़ पर गांव से ट्रैक्टर क्रमांकष्ट्त 05,र 2617 आई और दोनो मे आपस मे टकरा गये । हादसे मे तीनो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये । जिन्हे तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । मृतको में वरुण नायक व केवल नायक दोनो सगे भाई थे । कोतवाली पुलिस पंचनामा कर मृतको का पीएम करा कर शव परिजनों को सौपकर आगे की कार्यवाही कर रही है ।

## बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत, 2 गंभीर घायल



गरियाबंद-मालगांव के पास हुआ हादसा

**गरियाबंद,** 2 जून (हाईवे चैनल)। रायपुर-देवभोग नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 5 किलोमीटर पहले, ग्राम मालगांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बारूका निवासी सोहन ध्रुव और ऋतिक नेताम एक बाइक से बारूका से गरियाबंद की ओर आ रहे थे। दूसरी ओर, धमतरी जिले के भीगुड़िया निवासी नारायण साहू अपनी बाइक से गरियाबंद से लौट रहे थे। इसी दौरान मालगांव के पास ढलान में दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में नारायण साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऋतिक नेताम को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। सोहन ध्रुव भी घायल हुआ है और उसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ढलान पर संतुलन बिगड़ना हादसे की वजह मानी जा रही है।

### ब्रेकिंग न्यूज

#### सर्पदंश से बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद,** 2 जून (हाईवे चैनल)। रविवार की दोपहर पटेवा थाना क्षेत्र अंर्तगत एक बुजुर्ग को सांप ने डस लिया जिसकी उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पटेवा के ग्राम नयापारा निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग चरंता उर्फ चाकू यादव गांव में थे इसी दौरान उन्हे किसी विशैले सांप ने काट लिया। परिजनों ने जानकारी के बाद उन्हे पहले पटेवा उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहाँ से उन्हे तुमगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रिफर कर दिया। जहाँ उनका प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में उपचार के बाद बुजुर्ग की रात में मौत हो गयी। आज पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया।

#### देश में कोरोना के सक्रिय मामले 4000 के करीब, 32 की जान गई

**नई दिल्ली,** 2 जून (न्यूज चैनल)। देश में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 2 जून को सुबह 8:00 बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामले 3961 हो गए हैं। इस साल संक्रमण की वजह से होने वाली कुल मौतों का आंकड़ा 32 हो गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, बीते दिन के मुकाबले सक्रिय मरीजों की संख्या में 203 की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि इस दौरान चार लोगों ने दम तोड़ा। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, कल से अब तक सबसे ज्यादा 47 मामले दिल्ली में सामने आए हैं।

## शराब कारोबारी विजय भाटिया 1 दिन की रिमांड पर, दिल्ली से गिरफ्तारी



2 साल से था फरार

**रायपुर,** 2 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा (एसीबी-ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब कारोबारी विजय भाटिया को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। भाटिया को रायपुर लाया गया, जहां उसे सोमवार को एसीबी-ईओडब्ल्यू स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके साथ ही ईओडब्ल्यू की टीम ने दुर्ग-भिलाई में भाटिया के कई ठिकानों पर छापेमारी की।

ईओडब्ल्यू की टीम ने रविवार सुबह 6 बजे भिलाई के नेहरू नगर स्थित विजय भाटिया के आवास पर छापा मारा। दो अलग-अलग वाहनों में सात अधिकारियों की टीम ने घर को चारों ओर से घेरकर तलाशी शुरू की। इस दौरान घर में मौजूद लोगों से पूछताछ की गई और नौकरों को काम करने की अनुमति दी गई, हालांकि उनसे भी पूछताछ हुई। छापेमारी के दौरान महिला पुलिस कर्मी भी मौजूद थीं। विजय भाटिया को दिल्ली से गिरफ्तार करने के बाद ईओडब्ल्यू ने रविवार को रिमांड कोर्ट में पेश किया। रविवार को अवकाश होने के कारण कोर्ट ने भाटिया को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। अब सोमवार को उसे एसीबी-ईओडब्ल्यू स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां ईओडब्ल्यू 14 दिन की रिमांड के लिए आवेदन करेगी ताकि मामले की गहन जांच के लिए पूछताछ की जा सके। जानकारी के अनुसार, विजय भाटिया दो साल पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद से फरार था। ईडी ने तब उसके भिलाई स्थित घर पर कार्रवाई की थी। लंबे समय तक फरार रहने के बाद ईओडब्ल्यू ने आखिरकार उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी शराब घोटाले की जांच में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।




**चूहा-** सुनती हो, छत्तीसगढ़ सरकार ने अब दाई-बबा दिवस मनाने का फैसला लिया है।

**चुहिया-** हां जी, मां-बाप को सम्मान का एक दिन दिया जा रहा है तो दाई-बबा के लिए भी जरूरी है।

## भारत से निकाले गए 2 हजार से ज्यादा बांग्लादेशी

ऑपरेशन सिंदूर के तहत चल रही सबसे बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली,** 2 जून (न्यूज चैनल)। भारत सरकार ने एक बार फिर अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। 7 मई से शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत केंद्र सरकार ने अब तक 2,000 से ज्यादा कथित अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को देश से बाहर भेज दिया है। यह कार्रवाई न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अहम मानी जा रही है, बल्कि इसका राजनीतिक और सामाजिक असर भी व्यापक रूप से देखा जा रहा है।

यह अभियान पहले त्रिपुरा, मेघालय और असम जैसे सीमावर्ती राज्यों में केंद्रित था, लेकिन अब इसका दायरा गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे प्रमुख राज्यों तक बढ़ चुका है। अधिकारियों के अनुसार, विशेष दस्तावेज सत्यापन अभियानों के जरिए इन प्रवासियों की पहचान की गई, जिनमें से कई ने खुद ही भारत-बांग्लादेश सीमा की ओर रुख किया और स्वेच्छा से देश छोड़ दिया। सूत्रों की मानें तो अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इस अभियान को तीव्रता दी गई। इसके बाद केंद्र ने अवैध प्रवासियों की धरपकड़ और निष्कासन की रणनीति को ज़मीनी स्तर पर लागू किया। ऑपरेशन सिंदूर इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

## जेईई एडवांस रिजल्ट जारी कोटा के राजित गुप्ता टॉपर बने

नई दिल्ली, 2 जून (न्यूज चैनल)। आईआईटी कानपुर ने जेईई एडवांस का रिजल्ट आज 2 जून को जारी कर दिया है। परीक्षा में शामिल हुए कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट जेईईएडीवी.एसी.इन पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। कुल 1,80,422 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 54,378 क्वालिफाइ करने में सफल रहे। कोटा के राजित गुप्ता टॉपर बने; 20.56 प्रश रहा कट-ऑफ। जेईई एडवांस्ड 2025 का रिजल्ट सोमवार सुबह जारी हो गया है। जिसमें एमपी के बुरहानपुर के माजिद मुजाहिद हुसैन ने मध्यप्रदेश में टॉप किया है। उन्होंने एआईआर (ऑल इंडिया रैंक) 3 हासिल की है। उनसे पहले दोनों कैंडिडेट कोटा (राजस्थान) से हैं। जिसमें पहले स्थान पर राजित गुप्ता और दूसरे स्थान पर सक्षम जिंदल हैं।

## सड़क फैले आयल से अनियंत्रित होकर पलटी कार



**धमतरी,** 2 जून (हाईवे चैनल)। धमतरी से भखारा मार्ग पर सड़क पर आयल फैलने से सड़क में फिसलन रही। जिससे कई वाहनें फिसलकर अनियंत्रित हुई।

बता दें कि भखारा मार्ग पर ग्राम डोमा व कुरमातराई के बीच सड़क पर आयल फैल गया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले वाहन फिसल कर अनियंत्रित होने लगे। एक स्वीप्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार घायल हो गए। वहीं कुछ अन्य वाहने भी स्लीप हुई जिससे वाहन चालकों को चोटे आई।

## 6 जिलों में अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग हुई पूरी, 1500 से अधिक को मिली नई पोस्टिंग




**रायपुर,** 2 जून (हाईवे चैनल)। राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार राज्य के 6 जिलों के अतिशेष 1498 सहायक शिक्षकों, प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अब तक 1500 से अधिक शिक्षकों को नवीन पदस्थापना जारी कर दी गई है। इसे देखते हुए माना जा सकता है कि शासन युक्तियुक्तकरण करने में सफल रही। कोरबा, सुकमा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार और सूरजपुर में काउंसलिंग पूरी हो चुकी है। अतिशेष शिक्षकों की वरिष्ठता के आधार पर काउंसलिंग की गई। अतिशेष शिक्षकों की मुंगेली, राजनांदगांव, बालोद और दुर्ग जिले में काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। काउंसलिंग प्रक्रिया में शिक्षकों द्वारा रिक्त स्थानों में से अपने पसंद के विद्यालयों का चयन किया गया।

राज्य के कुल 10,463 स्कूलों में से सिर्फ 166 स्कूलों का समायोजन होगा। इन 166 स्कूलों में से ग्रामीण इलाके के 133 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें छात्रों की संख्या 10 से कम है और एक किलोमीटर के अंदर दूसरा स्कूल संचालित है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 33 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें दर्ज संख्या 30 से कम है और 500 मीटर के दायरे में दूसरा स्कूल संचालित है। इस कारण 166 स्कूलों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से समायोजित किया जा रहा है। इससे किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे। उनमें केवल प्रशासनिक और शैक्षणिक स्तर पर आवश्यक समायोजन किया जा रहा है। स्कूल भवनों का उपयोग पहले की तरह ही जारी रहेगा और जहाँ आवश्यकता होगी, वहाँ शिक्षक भी उपलब्ध रहेंगे।

दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण यानी तर्कसंगत समायोजन कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि जहां जरूरत ज्यादा है, वहां संसाधनों और शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो।

उन स्कूलों को, जो कम छात्रों के कारण समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें नजदीकी अच्छे स्कूलों के साथ समायोजित किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल, संसाधन और पढ़ाई का समान अवसर उपलब्ध हो सके। इससे बच्चों को ज्यादा योग्य और विषय के हिसाब से विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब, कंप्यूटर आदि की सुविधाएं सुलभ होंगी। शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में अब पर्याप्त शिक्षक मिलेंगे। जिन स्कूलों में पहले गिनती के ही छात्र होते थे, वे अब पास के अच्छे स्कूलों में जाकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस बदलाव से शिक्षा का स्तर सुधरेगा।

## घर के बाहर खेल रही थी बच्ची, अकेला देख उठा ले गया शख्स, पुलिस ने किया रेस्क्यू

**मनेन्द्रगढ़,** 2 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ जिले में बच्ची के अपहरण मामले में पुलिस को सफलता मिली है. पुलिस ने अपहृत बच्ची को ढूंढ निकला और आरोपी को हिरासत में ले लिया. फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है. मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के चैनपुर का है.

जानकारी के अनुसार, रविवार को बच्ची रोज़ की तरह अपने घर के बाहर खेल रही थी. इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य आसपास मौजूद नहीं थे. बच्ची के अकेले होने का फायदा उठाकर आरोपी साइकिल से आया और उसे लालच में फंसाकर अपने साथ ले गया. घटना के बाद परिजनों ने बच्ची को खोजने की कोशिश की, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के दौरान पुलिस ने लोगों से पूछताछ की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. एक फुटेज में आरोपी बच्ची को साइकिल पर अगवा कर ले जाते हुए दिखाई दिया, जो मामले में अहम सुराग साबित हुआ. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनेन्द्रगढ़ से सटे लालपुर क्षेत्र से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया. साथ ही मौके से आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है. बच्ची की सुरक्षित वापसी से परिजनों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है.